दिनांकः 12.09.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- सी.पी. राधाकृष्णन ने आज देश के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–**ज्ञान भारतम् पोर्टल** से देश की प्राचीन ज्ञान सम्पदा का संरक्षण होगा।
- शिक्षा मंत्रालय ने **समग्र शिक्षा अभियान** के लिए राजस्थान को 580 करोड़ रुपये और केन्द्रीय वित्त आयोग ने **शहरी अनुदान** के तहत 541 करोड़ रुपये की राशि जारी की।
- प्रदेशभर में कल आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए 498 बैंचों का गठन।
- राज्य में कल और परसों आयोजित होने वाली **राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती** परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी।

000

नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने आज शपथ ग्रहण की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने श्री राधाकृष्णन को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई।

-------------

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और गृहमंत्री अमित शाह सहित कई केन्द्रीय मंत्री उपस्थित रहे।
राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।
श्री चंद्रपुरम पुन्नसामी राधाकृष्ण का जन्म 4 मई 1957 को तमिलनाडू में हुआ। उन्होंने वस्त्र निर्यातक के रूप में कामयाब सफर तय किया। पढ़ाई पूरी करने के बाद वे शुरूआती दिनों में ही आर.एस.एस. से जुड़े। वे 1996 में तमिलनाडू भाजपा के सचिव बनाये गये। 1998 में वे कोयम्बटूर से सांसद चुने गये। श्री राधाकृष्णन झारखंड और महाराष्ट्र के राज्यपाल भी रहे।
प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर बधाई संदेश में कहा कि श्री राधाकृष्णन ने लोकतांत्रिक मूल्यों को मज़बूत बनाने और समाज सेवा के लिए जीवन समर्पित किया है। श्री मोदी ने उनके सफल उपराष्ट्रपति कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ज्ञान भारतम् पोर्टल के माध्यम से भारत के प्राचीन ज्ञान को संरक्षित किया जा रहा है। इसके साथ ही दुर्लभ ग्रंथों को विद्वानों और आम लोगों के लिए सुलभ बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री आज नई दिल्ली में **ज्ञान भारतम् अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन** में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ये पोर्टल भारत की सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत को वैश्विक मंच पर ले जाएगा। श्री मोदी ने ग्रंथों में निहित दार्शनिक और आध्यात्मिक ज्ञान की प्रासंगिकता पर भी प्रकाश डाला।

-------------

कल से शुरू हुए तीन दिन के इस सम्मेलन में पांडुलिपि विरासत से देश की ज्ञान विरासत को पुनर्जीवित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। सम्मेलन के माध्यम से प्रमुख विद्वानों, संरक्षणवादियों, प्रौद्योगिकीविदों और नीति विशेषज्ञों को एक मंच पर लाया है। सम्मेलन में दुर्लभ पांडुलिपियों की प्रदर्शनी लगाई गई है। इसके साथ ही पांडुलिपि संरक्षण, डिजिटलीकरण तकनीक और मेटाडेटा मानक की प्रस्तुतियाँ भी शामिल हैं।

000

शिक्षा मंत्रालय ने प्रदेश में समग्र शिक्षा अभियान के लिए 580 करोड़ रुपये जारी किये हैं। वहीं केन्द्रीय वित्त आयोग ने शहरी अनुदान के तहत 541 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। इससे शहरी विकास और स्कूली शिक्षा को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिछले दिनों केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्यमंत्री मनोहर लाल तथा केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से मुलाकात कर इस बारे में आग्रह किया था। मुख्यमंत्री ने इस राशि के लिए केन्द्र सरकार का आभार जताया है। श्री शर्मा ने कहा कि इस राशि से राज्य सरकार कार्य योजना बनाकर दोनों ही क्षेत्रों में विकास को गति देने का काम करेगी।

000

अजमेर में आनासागर वैटलैंड पर बने सेवन वंडर्स को तोड़ने की कार्यवाही आज से शुरू की गई। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद करीब साढे 11 करोड़ रुपये की लागत से बने इस पार्क को ध्वस्त किया जा रहा है। हमारी संवाददाता ने बताया कि अजमेर विकास प्राधिकरण की ओर से ये कार्यवाही की जा रही है।

--------------

000

केन्द्रीय वित्त मंत्रालय ने 2025–26 के लिए नई अफीम नीति घोषित कर दी है। इसके अनुसार बिना चीरे की सीपीएस पद्धति से खेती में प्रति दस आरी 80 किलो से कम डोडा देने वाले किसानों के लाइसेंस निलंबित कर दिये जाएंगे। जिन किसानों ने पिछले साल दस आरी पर 90 किलो डोडा जमा करवाया है, उन्हें इस साल चिराई का पट्टा मिलेगा।

000

इस साल की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत कल लगाई जाएगी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से इसका आयोजन किया जा रहा है। ये अदालत राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर और जयपुर पीठ सहित प्रदेश की सभी अधीनस्थ अदालतों में लगेगी। इसके साथ ही राजस्व न्यायालयों, उपभोक्ता आयोगों और अन्य प्रशासनिक अधिकरणों में भी इसका आयोजन किया जा रहा है। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव हरि ओम अत्रि ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में राज़ीनामे के माध्यम से विभिन्न मामलों को निपटाया जाएगा। इसके लिए कुल 498 बैंचों का गठन किया गया है। मामलों की सुनवाई ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से की जाएगी।

000

राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा कल और परसों आयोजित की जाएगी। राजस्थान पुलिस भर्ती बोर्ड की ओर से होने वाली ये परीक्षा दस हजार पदों के लिए ली जा रही है। ये परीक्षा राज्यभर के विभिन्न केन्द्रों पर होगी। राजस्थान पुलिस मुख्यालय में एडीजी भर्ती विपिन पांडे ने प्रेस वार्ता में बताया कि परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित समय पर कम से कम दो घंटे पहले पहुंचने की सलाह दी गई है।

------------

000

केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव आज सिरोही प्रवास पर रहे। उन्होंने माउंट आबू में माइंड–बॉडी मेडिसिन राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। चार दिन के इस सम्मेलन का आयोजन ब्रह्माकुमारीज संस्थान में किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री जाधव ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय तनाव से भरा हुआ है, ऐसे में आहार और दिनचर्या को संतुलित कर तथा योग को अपनाकर जल्द स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया जा सकता है। श्री जाधव ने संस्थान प्रमुख, राजयोगिनी मोहिनी दादी से भी मुलाकात की। मीडिया से बातचीत में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि विश्व शांति के लिए संस्थान द्वारा सराहनीय प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अध्यात्म से जुड़कर कई प्रकार के व्यसनों से बचा जा सकता है।

--------------

000

जीएसटी को युक्तिसंगत बनाया जाना स्वास्थ्य क्षेत्र पर सकारात्मक और दूरगामी परिणाम देगा। ये निर्णय सभी के लिए सस्ती स्वास्थ्य सेवा के सरकार के विजन को दर्शाता है। डॉक्टरों, अस्पतालों और उपचार केन्द्रों की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं को जीएसटी से छूट दी गई है। आवश्यक दवाईयों

और चिकित्सा उपकरणों पर जीएसटी दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 फीसदी कर गई है। विभिन्न आवश्यक दवाईयों को कर मुक्त रखा गया है। करों की कमी ने रोगियों के लिए उपचार लागत को भी कम किया है। ये सुधार **''वैश्विक फार्मेसी''** के रूप में भारत की भूमिका को मज़बूत करेंगे। राजस्थान केमिस्ट अलायंस के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने बताया कि जीएसटी कटौती से आम लोगों को फायदा होगा और मेडिकल उपकरण सस्ते होंगे।

-----------------

000